कक्षा एक से आठ तथा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों को मिलेगा आगामी कक्षाओं में प्रवेश

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-11-04-2020-2.docx (http://103.203.138.54/news/205881/document/LK-11-04-2020-2.docx)

DESCRIPTION

कक्षा एक से आठ तथा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों को मिलेगा आगामी कक्षाओं में प्रवेश

जयपुर, 11 अप्रैल। राज्य सरकार ने प्रदेश में कक्षा एक से आठ एवं कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों को आगामी उच्च कक्षाओं में क्रमोन्नति एवं प्रवेश के लिए पात्र किए जाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं।
शिक्षा राज्य मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बताया कि चूंकि इस समय किसी भी शिक्षण संस्थान में परीक्षा मूल्यांकन, परख आदि गतिविधियों का आयोजन नहीं हो रहा है। एक बारीय शिथिलन शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए ही मान्य होगा। उन्होंने बताया कि कक्षा एक से आठ तक सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को राज्य सरकार के इस आदेश के तहत आगामी कक्षा में क्रमोन्नत माना जाएगा। इसके तहत वे आगामी उच्च कक्षा में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

श्री डोटासरा ने बताया कि कक्षा आठ एवं पांच के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों एवं अन्य शेष कक्षाओं के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों के लिए पृथक से प्रारूप जारी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कक्षा क्रमोन्नयन एवं आगामी उच्च कक्षा में प्रवेश की कार्यवाही संबंधित पोर्टल पर संपन्न करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कंटेट तैयार किये जा रहे हैं। इ-लर्निंग की पक्रिया उच्च कक्षा में क्रमोन्नति के अनुसार जारी रखी जाएगी। इसके तहत विद्यार्थी घर बैठे ऑनलाइन पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **13/4/2020**
You are visitor No.:

001654288

Website Policies (/content/dipr/en/websitepolicies.html) | Disclaimer (/content/dipr/en/disclaimer.html) | Accessibility (/content/dipr/en/accessibility.html) |

Sitemap (/content/dipr/en/sitemap.html)

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https://www.facebook.com/DIPRRajasthan)(https://twitter.com/dipr_rajasthan)(https://www.youtube.com/channel/UC2oIZW3EmG59rjejhnK9qoQ)